100 Years 1920 - 2020 Centennial Celebrations
University of Lucknow | लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

Accredited A++ by NAAC

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

Ref. No. 462
Date 6/12/2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
(लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय)
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषयः स्नातक / परास्नातक एवं अन्य पाठ्यकमों के विषम सेमेस्टर–2023 की परीक्षाओं के मौखिकी, प्रयोगात्मक एवं इन्टर्नशिप / टर्म परीक्षाओं के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

कृपया उपरोक्त विषयक प्रकरण में सूचित जाता है कि स्नातक / परास्नातक एवं अन्य पाठ्यकमों की विषम सेमेस्टर 2023 की परीक्षाओं के मौखिकी, प्रयोगात्मक एवं इन्टर्नशिप / टर्म परीक्षाओं के सम्बन्ध में निम्नवत् व्यवस्था प्रारम्भ की गयी है:

1. जिन महाविद्यालयों में 3 वर्ष से अनुमोदित शिक्षक कार्यरत हैं, वह आतंरिक परीक्षक होगें जबकि वाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा उनके महाविद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध कराया जायेगा।
2. महाविद्यालय के लॉगिन पर विश्वविद्यालय द्वारा 3 परीक्षकों के नाम उपलब्ध कराये जायेगें। परीक्षकों के पास क्रमशः संदेश प्रेषित किये जायेंगे जिस पर परीक्षक को 48 घंटे के अन्दर अपनी सहमति / असहमति प्रदान करनी होगी। 48 घंटें तक प्रथम परीक्षक के द्वारा सहमति न प्रदान करने पर उनकी स्वतः असहमति मानकर दूसरे परीक्षक को सूचित किया जायेगा। परीक्षक द्वारा सहमति प्राप्त होने पर महाविद्यालय द्वारा शीघ्रातिशीघ्र प्रायोगिक परीक्षा संपादित की जायेगी। किसी भी परीक्षक द्वारा सहमति न प्राप्त होने पर परीक्षा नियंत्रक को सूचित कर नवीन परीक्षक की मांगाकर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी।
3. मौखिकी एवं प्रयोगात्मक परीक्षा की समस्त परीक्षाओं का एक सूक्ष्म विडियों (लगभग 30 सेकेंड का जिसमें समस्त विद्यार्थियों एवं परीक्षक मौजूद हो) एवं चार फोटो विश्वविद्यालय लॉगिन पर अपलोड करने के उपरान्त परीक्षा तिथि को ही अंक अपलोड किये जायेगें। तत्पश्चात उसके प्रिन्टआउट पर दोनों परीक्षकों (आंतरिक एंव वाह्य) के हस्ताक्षर कराकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा।
4. महाविद्यालय द्वारा आंतरिक परीक्षकों का विवरण सम्बन्धित पोर्टल पर वांछित सूचनाओं सहित अपलोड किया जायेगा। जिन महाविद्यालयों में आंतरिक परीक्षक उपलब्ध नही है, उन्हें पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये वाह्य परीक्षकों में से दो परीक्षकों से सहमति प्राप्त कर परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी।
5. उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षण संस्थान (विश्वविद्यालय कैम्पस एवं महाविद्यालय) अपने संस्थान के यूट्यूब चैनल सृजित कर उस पर प्रायोगिक परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग / अपलोड करेंगे, जो संस्थान के चैनल पर उपलब्ध रहेगी। सभी संस्थान निःशुल्क अपना यूट्यूब चैनल बनायेंगे, जिस पर अन्य विविध गतिविधियों को भी अपलोड कर सकते है। प्रत्येक महाविद्यालय अपने यूट्यूब चैनल का लिंक पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को सूचित करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार मौखिकी एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सम्पन्न कराते हुए अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

6.12.2023.

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव (गोपनीय / परीक्षा)।
4. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।